


Photo Credit: लाल सिंह

Google द्वारा विज्ञापन बंद कर दिया गया

इस विज्ञापन की रिपोर्ट करें Google द्वारा विज्ञापन ⓘ

< 1 2 3 4 >

GET APP

शनिवार को यदु पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने एक साथ एकत्र होकर सामूहिक रूप से पुस्तक वाचन किया।

# विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने ली शपथ

ब्यूरो/अमर उजाला, नोएडा

Updated Sat, 02 Dec 2017 06:52 PM IST

बाद में पढ़ें




school



Photo Credit: लाल सिंह

Google द्वारा विज्ञापन बंद कर दिया गया
इस विज्ञापन की रिपोर्ट करें
Google द्वारा विज्ञापन ⓘ

< 1 2 3 4 >
GET APP

विद्यार्थियों ने ध्यानपुर्वक पुस्तकों का वाचन किया। पुस्तके हमारी सच्ची मित्र होती हैं, आज भी है और हमेशा रहेगी।




Photo Credit: लाल सिंह


Google द्वारा विज्ञापन बंद कर दिया गया

इस विज्ञापन की रिपोर्ट करें | Google द्वारा विज्ञापन ⓘ



< 1 2 3 4 >

GET APP


पुस्तकों के माध्यम से हम पूरी दुनिया घूम सकते हैं। एक साथ एकत्र होकर सामूहिक रूप से पुस्तक वाचन करने में विद्यार्थियों को आनंद की अनुभूति हुई।

IST




Photo Credit: लाल सिंह

Google द्वारा विज्ञापन बंद कर दिया गया
इस विज्ञापन की रिपोर्ट करें Google द्वारा विज्ञापन ⓘ

< 1 2 3 4 >

GET APP

इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी के साथ समस्त अध्यापकगण भी मौजूद रहा।

यदु पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पदारोहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने शपथ ली। स्कूल की प्रिंसिपल मृणालिनी सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सार्वजनिक जीवन में बेहतर इंसान बनाने के गुण सिखाते हैं।

"

विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को उत्पन्न करना शिक्षकों का कर्तव्य होता है। सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों में से बौद्धिक व खेल प्रतियोगिताओं में से हेड ब्वॉय व हेड गर्ल और अप हेड ब्वॉय और अप हेड गर्ल चयन किया गया है। ब्यूरो

GET APP

अमर उजाला
नई दिल्ली
रविवार, 3 दिसंबर 2017

# विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने ली शपथ

नोएडा। यदु पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पदारोहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने शपथ ली। स्कूल की प्रिंसिपल मृणालिनी सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सार्वजनिक जीवन में बेहतर इंसान बनाने के गुण सिखाते हैं। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को उत्पन्न करना शिक्षकों का कर्तव्य होता है। सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों में से बौद्धिक व खेल प्रतियोगिताओं में से हेड ब्वॉय व हेड गर्ल और अप हेड ब्वॉय और अप हेड गर्ल चयन किया गया है। ब्यूरो

# 620 ने दी 'सुपर स्टूडेंट' की परीक्षा

## पंचशील, महामाया, यदु और मैरीगोल्ड स्कूल में आयोजित किया गया इम्तिहान

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा।

अमर उजाला प्रजेंट्स आईएमएस सुपर स्टूडेंट की परीक्षा बुधवार को नोएडा में हुई। परीक्षा में 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यदु पब्लिक स्कूल सेक्टर-73 में 80, पंचशील सेक्टर-91 से 130 व महामाया बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर-44 से 200 छात्र-छात्राओं ने सुपर स्टूडेंट की परीक्षा दी। मंगलवार को सेक्टर-19 स्थित मैरीगोल्ड में 110 परीक्षाओं ने हिस्सा लिया था।

अमर उजाला Presents IMS GHAZIABAD SUPER STUDENT

कुल मिलाकर इस परीक्षा में 620 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 45 मिनट की लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, गणित, विज्ञान व तर्कशास्त्र आदि से संबंधित 50 सवाल पूछे गए। आईएमएस गाजियाबाद में आयोजित होने वाली सुपर स्टूडेंट्स की फाइनल प्रतियोगिता में टॉप 5 बच्चों को सर्टिफिकेट के साथ 1 लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार पाने का मौका भी मिलेगा।



अमर उजाला प्रजेंट्स आईएमएस सुपर स्टूडेंट की परीक्षा में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

### युवा प्रतिभा को प्रोत्साहित करना उद्देश्य



आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस गाजियाबाद के जनरल सेक्रेटरी राकेश छारिया का कहना है कि हमारा उद्देश्य देशभर की युवा प्रतिभा को सीखने के अवसर प्रदान करना है। उनको प्रोत्साहित कर अमर उजाला के साथ मिलकर आगे बढ़ाना है। परीक्षा में पंजीकरण के लिए 9266101155 व अधिक जानकारी के लिए छात्र 9654280624 पर संपर्क कर सकते हैं।

अमर उजाला
New Delhi
Wednesday, 22 Nov 2017



सेक्टर-74 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम को लेकर आयोजित कार्यशाला के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

# स्कूल में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

नोएडा। यदु पब्लिक स्कूल में मंगलवार को साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला हुई। इसमें छात्रों को बताया कि किस तरह डाटा को सुरक्षित कर सकते हैं। छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में भी बताया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल मृणाली [illegible] भी मौजूद रहीं। ब्यूरो

अमर उजाला
नई दिल्ली
मंगलवार, 21 नवंबर 2017

## यदु पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

सुबह 8.00 बजे : सर्फाबाद के यदु पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 8 नवंबर 2017

# अध्ययन के लिए बनाएं समय सारिणी

नोएडा। किसी भी विषय में टॉप करना सहज नहीं होता। पढ़ाई के लिए नियम-कायदे भी होते हैं। उनका सही ढंग से पालन करने के साथ समय सारिणी भी बनाएं तो किसी भी विषय में टॉप किया जा सकता है। यह बात मंगलवार को यदु पब्लिक स्कूल में बच्चों का मार्गदर्शन करने पहुंचे रसासन विज्ञान की पुस्तक के संपादक मनचंदा ने कहीं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के वक्त तनावमुक्त रहें। सवेरे जल्दी उठकर पढ़ाई करना लाभप्रद होता है। प्रश्नों के उत्तर लिखने का तरीका सीखें। अभ्यास के लिए पुराने पेपर हल करें। स्कूल की प्रधानाचार्या मृणाली सिंह ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई में मदद के मकसद से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्यूरो

अमर उजाला
नई दिल्ली
मंगलवार, 7 नवंबर 2017

# यदु पब्लिक स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन



**नोएडा।** यदु पब्लिक स्कूल के 4 छात्रों गोकुल, गौरव, अंजना, निचय ने शिव नादर स्कूल में हुई विज्ञान प्रतियोगिता बेहतर प्रदर्शन किया है। स्पर्धा में कई स्कूलों ने हिस्सा लिया था। इनको प्रमाणपत्र भी दिया गया है। स्कूल की प्रधानाचार्या मृणाली सिंह ने बताया कि सोमवार को छात्रों का स्कूल में स्वागत किया गया। ब्यूरो

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 1 नवंबर 2017

## यदु पब्लिक स्कूल के छात्रों बाल भवन का किया दीदार

जासं, नोएडा : यदु पब्लिक स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण के तहत मंगलवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल भवन पहुंचे। जहां छात्रों ने फोटो गैलरी, मिनी ट्रेन, खेल गांव आदि का दीदार किया। साथ पक्षियों के बारे में भी जाना। प्रिंसिपल मृणालिनी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को इतिहास आदि की जानकारी मिलती है।

अमर उजाला
नई दिल्ली
मंगलवार, 31 अक्तूबर 2017

## पुस्तक मेले का आयोजन



नोएडा। यदु पब्लिक स्कूल में सोमवार को पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इसमें कई तरह की पुस्तकों को रखा गया था। पुस्तक मेले में अलग-अलग किताबें देखकर छात्र बहुत खुश दिखे। छात्रों ने रुचि के अनुसार पढ़ने के लिए पुस्तकें भी खरीदीं। पहले दिन बड़ी संख्या में छात्रों ने इसमें हिस्सा लिया। पुस्तक मेला 3 नवंबर तक चलेगा। (ब्यूरो)

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 29 अक्टूबर 2017

# खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम



यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे • जागरण

जासं, नोएडा : यदु पब्लिक स्कूल में शनिवार को प्री प्राइमरी में पढ़ने वाले छात्रों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फ्राग रेस, लेमन रेस, 50 मीटर दौड़ व अन्य प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपना हुनर दिखाया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। दूसरी तरफ नन्हें बच्चों के अभिभावकों ने भी प्रतियोगिता में शिरकत की। स्कूल की प्रिंसिपल मृणालिनी ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों को एक मंच मिलता है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। साथ ही छात्रों के अंदर अनुशासन, समय प्रबंधन और टीम वर्क की भावना भी विकसित होती है। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक और अन्य कर्मी मौजूद थे।

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 17 अक्टूबर 2017

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने मन मोहा

**जासं, नोएडा :** रंग-बिरंगे परिधान में सजे, सिर पर पगड़ी बांधे नन्हे बच्चे जब मंच पर उतरे तो नजारा देखने लायक था। परिसर तालियों से गूंज पड़ा। मौका था सोमवार को यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित रामलीला मंचन का। नन्हे छात्रों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया और वाहवाही लूटी। दूसरी तरफ छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर केंद्रित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में डांस प्रतियोगिता, कराटे समेत अन्य गतिविधियों में पदक हासिल करने वाले स्कूल के छात्रों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित भी किया गया।

स्कूल की प्रिंसिपल मृणालिनी सिंह ने छात्रों की हौसला अफजाई की। कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों को प्रतिभा को सबके सामने रखने का मौका मिलता है।



यदु पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं • जागरण

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 16 अक्टूबर 2017

# यदु पब्लिक स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड स्टूडेंट डे

जासं, नोएडा : यदु पब्लिक स्कूल में रविवार को वर्ल्ड स्टूडेंट डे मनाया गया। पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसके माध्यम से बताया गया कि अगर कोई भी व्यक्ति सकारात्मक सोच रखे और मेहनत करे तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। डॉ. कलाम का भी यही मानना था। स्कूल की प्रिंसिपल मृणालिनी ने छात्रों की हौसला अफजाई की और कहा कि लगन और मेहनत से ही सफलता हासिल की जा सकती है। इसका कोई शॉर्टकट नहीं है। हम बच्चों को हमेशा यही सिखाने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक समेत अन्य लोग मौजूद थे।



यदु पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी • जागरण

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 16 अक्टूबर 2017




यदु पब्लिक स्कूल के छात्रों व शिक्षकों ने भी रैली में शिरकत की। सुमित चक्रवर्ती (कोच), यश अवाना, हर्ष गुप्ता, केविन गिलबर्ट, लिलि दास, साक्षी, सगोरी, कार्तिक, निर्भय, गोकुल, हर्ष पखवाना, परिणय प्रियांशु, परीक्षित प्रियांशु आदि मौजूद रहे

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 10 अक्तूबर 2017

# वॉलीबाल में शिल्पा का चयन



शिल्पा यादव के चयन के बाद उन्हें बधाई देतीं प्रधानाचार्य मृणाली सिंह।

नोएडा। सीबीएसई रीजनल वॉलीबाल प्रतियोगिता में यदु पब्लिक स्कूल की 11वीं छात्रा शिल्पा यादव का चयन हुआ है। स्कूल की प्रधानाचार्या मृणाली सिंह ने बताया कि छात्रा वॉलीबाल नेशनल प्रतियोगिता में यूपी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर छात्रा का स्कूल में स्वागत किया गया। ब्यूरो

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 11 अक्टूबर 2017

# समाज ने हमें बहुत दिया लौटाएं भी : इरफान

जासं, नोएडा : समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है और हमारे विकास में समाज का बहुत योगदान है। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि समाज को भी कुछ दें। यह बातें क्रिकेटर इरफान पठान ने मंगलवार को यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान वह छात्रों व खिलाड़ियों से भी रूबरू हुए और उनके तमाम सवालों का विस्तार से जवाब दिया। गौरतलब है कि क्रिकेट एकेडमी ऑफ पठान्स व एक कंपनी ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने के लिए हाथ मिलाए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को यहां 17 बच्चों का चयन भी किया गया। इन बच्चों को अब पेशेवर कोच खेल की बारीकियां सिखाएंगे। बच्चों का चयन बैटिंग, बॉलिंग व फिल्डिंग में उनके प्रदर्शन के आधार पर दो चरणों की प्रक्रिया के बाद किया गया है।



यदु पब्लिक स्कूल में खिलाड़ी को बल्ला देते क्रिकेटर इरफान पठान ● जागरण

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 29 सितंबर 2017

जागरण सिटी
नोएडा
नई दिल्ली, 29 सितंबर 2017 दैनिक जागरण | III

# एसएसपी ने ताइक्वांडो खिलाड़ी को किया सम्मानित

**जागरण संवाददाता, नोएडा :** एसएसपी लव कुमार ने हाल ही में 35वीं यूपी स्टेट जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक झटकने वाले शहर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कांस्य पदक झटकने वाले यश अवाना को सम्मानित और पूरी टीम की हौसला अफजाई की। उन्होंने [illegible]ाड़ियों से बातचीत भी की और उनके तमाम सवालों का विस्तार से जवाब दिया।

कहा कि किसी भी बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। इससे बच्चे के अंदर अनुशासन, नेतृत्व के गुर और टीम भावना का विकास होता है। जो करियर में ऊंचाई छूने के लिए बहुत जरूरी है। प्रिंसिपल मृणालिनी सिंह ने भी छात्रों की हौसला अफजाई की। इस दौरान स्कूल के शिक्षक और अन्य लोग मौजूद थे।



ताइक्वांडो खिलाड़ी को सम्मानित करते एएसपी लव कुमार • जागरण

## छात्रों को बताई नौ देवियों की महिमा

**जासं, नोएडा :** यदु पब्लिक स्कूल में छात्रों को नवरात्र और नौ देवियों की महिमा के बारे में बताया गया।

स्कूल की शिक्षिकाओं ने नौ देवियों का रूप धारण किया और महिषासुर वध से लेकर अन्य प्रसंग पेश किए।

इस दौरान डांडिया नृत्य का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और जमकर मस्ती की।



नोएडा के यदु पब्लिक स्कूल में बुधवार को मां दुर्गा का स्वरुप धारण किए शिक्षिकाएं सेल्फी लेती हुईं।



# योग करने स्कूल पहुंचे विद्यार्थी

**नोएडा।** योग दिवस पर सोमवार को कुछ विद्यार्थियों को सेक्टर-73 यदु पब्लिक स्कूल में बुलाया गया। बच्चे स्कूल पहुंच कर खुश नजर आए। प्रधानाचार्य मृणालिनी ने बच्चों को योग का महत्व समझाया। वहीं, आनलाइन कार्यक्रम में चेयरपर्सन उमलेश यादव ने बच्चों को हर रोज योग करने की सलाह दी। ब्यूरो

# उपविजेता बने नमित भाटिया

जासं, नोएडा : हरियाणा के झज्जर में आयोजित हुई नेशनल टेनिस सीरीज में अंडर-16 श्रेणी में खेलते हुए नोएडा के नमित भाटिया और गाजियाबाद के शौर्य ने डबल्स श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। 13 वर्षीय नमित अंडर-14 बालक श्रेणी में आल इंडिया में 112वें और यूपी में सातवें स्थान पर रहे। आल इंडिया टेनिस चैंपियनशिप में वह अंडर-16 व अंडर-18 श्रेणी में भी खेल रहे हैं। 12 अप्रैल से शुरू हुई चैंपियनशिप में वह डबल्स श्रेणी में खेलकर फाइनल में पहुंचे और 3-6, 3-6 से उपविजेता रहे। यूपी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नमित भाटिया और शौर्य की जोड़ी ने कई शानदार मुकाबले खेले। यदु पब्लिक स्कूल के छात्र नमित टेक जोन चार में रहते हैं। सफलता से माता-पिता खूब खुश हैं।



नमित भाटिया • सौ- स्वयं

अमर उजाला my city

## ऑल इंडिया टूर्नामेंट में नमित ने मारी बाजी



**नोएडा।** सेक्टर-73 में रहने वाले 13 वर्षीय नमित भाटिया ने 8 से 12 मार्च तक जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल लॉन टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। सिंगल में नमित सेमीफाइनल तक पहुंचे वहीं डबल्स में श्रेयस के साथ पहले स्थान पर रहे। डबल्स के फाइनल में नमित और श्रेयस की जोड़ी ने राजस्थान के आर्यन और मनित को 6-3, 4-6 और 10-0 से मात दी। यदु पब्लिक स्कूल के छात्र नमित को इस सफलता पर उनकी प्रधानाचार्य मृणालिनी सिंह ने बधाई दी है। ब्यूरो

city sports

# 3 खिलाड़ी आर्मी के प्री-इंडक्शन में जाएंगे



नोएडा। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के तीन खिलाड़ी आर्मी के प्री-इंडक्शन चयन के लिए 10 मार्च को कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर रानीखेत जाएंगे। इसमें उत्तर प्रदेश से चयनित 31 खिलाड़ियों में से जिले के सुमित मुकेश, आदित्य रंजन सिंह और हर्ष कुमार शामिल हैं। एसोसिएशन के सचिव सुमित चक्रवर्ती और अध्यक्ष आरुषि ने इन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। ब्यूरो

# The Benefits of Experiential Learning



Ms. Mrinalini Singh
Principal
Yadu Public School




Govt of India has focused on Experiential Learning in National Education Policy. In this article, I would like to elaborate on why Govt is advocating Experiential Learning.

Educators know that a student learns more quickly and retains more information when the subject matter pertains to them personally and doing makes learning extremely personal. As Sir Richard Branson says, "You don't learn to walk by following rules. You learn by doing, and by falling over."

**Experiential learning Because**

- Creates real-world relevance
- Provides an opportunity for reflection
- Teaches the value of mistakes
- Accelerates learning.
- Guides students toward the future
- Prepares students for adult life

Today's world is dynamic and ever-changing. It's become widely accepted that children born at the late end of the 20th century and subsequent generations can expect to have around five careers over the course of a lifetime. Online classes and specialised skill workshops are becoming easy ways for employees to stay up-to-date with the latest trends and skills necessary to thrive in today's modern workplace. Because of this, increasingly employers are valuing soft skills in potential employees. For most industries, soft skills such as adaptability and empathy are considered just as valuable in a new employee as the skills and qualifications they hold.

Now more than ever, it is crucial that schools integrate new learning techniques to help prepare children for the future workplace. Rote and didactic learning styles have dominated the education system since the industrial revolution. With both these methods, the child plays a relatively passive role in the learning process. In more recent times, it has become common practice for teachers to integrate more active learning techniques in the classroom such as experiential learning.

As the name suggests, experiential learning is the process of learning through experience

**Types of Experiential Learning :**

- Concrete Experience
- Abstract Conceptualisation

**two ways of transforming experience:**

- Reflective Observation
- Active or reflective experimentation

How you can incorporate experiential learning in the classroom

One of the easiest ways to ensure students are exposed to experiential learning is by incorporating off-site school trips and project-based learning into the curriculum. One example could be participating in a marine science workshop at your local aquarium or art workshop at your local art gallery.

# Yadu Public School Noida Celebrated Republic Day





**Ghaziabad:** Students of yadu public school noida 73 perfomed at Republic Day celebration organised by Dainik Jagran. Students were felicitated by Dr Mahesh Sharma who was chief guest

# कक्षा 1 से 5 तक के स्कूल खुले, कम रही उपस्थिति

## ज्यादातर विद्यालयों में कोरोना गाइडलाइन का पालन कर हुई पढ़ाई

माई सिटी रिपोर्टर

**नोएडा।** शासन से अनुमति मिलने और करीब एक साल बाद सोमवार को कई स्कूलों में एक से 5 तक की कक्षाएं संचालित हुईं। हालांकि, कोरोना के कारण स्कूलों में बच्चों की संख्या बेहद सीमित रही। वहीं, कुछ स्कूलों जैसे डीपीएस आदि ने अभिभावकों की सहमति नहीं मिलने के कारण कक्षाएं नहीं शुरू की हैं। मॉडर्न, डीएवी, यदु पब्लिक और राघव इंटरनेशनल आदि में इक्का दुक्का छात्र नजर आए। ज्यादातर स्कूलों में कोरोना गाइडलाइन का पालन कर शिक्षण कार्य किया गया।

शासन ने एक मार्च से कक्षा 1 से 5 तक के स्कूल निर्धारित शर्तों पर खोलने के लिए अनुमति दी है। कक्षा 6 से 12 तक के स्कूल पहले ही खुल चुके हैं। वहीं, अभिभावक छोटे बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। इस कारण स्कूलों में सामान्य के साथ ही ऑनलाइन कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। वहीं, स्कूलों के बाहर सैनिटाइजेशन और अंदर मेडिकल रूम, सामाजिक दूरी, थर्मल स्कैनिंग आदि के प्रबंध किए गए। कुछ स्कूलों में छुट्टी के वक्त सामाजिक दूरी का पालन करते हुए बच्चों घर भेजा गया। पहले दिन खेल गतिविधियों के साथ लंच शेयर आदि पर रोक रही। कक्षा 2 के छात्र आदित्य ने बताया कि स्कूल खुलने पर अच्छा लगा, लेकिन दोस्त भी आते तो ज्यादा मजा आता। अभी क्लास में बहुत कम बच्चे हैं।



यदु पब्लिक स्कूल में थर्मल स्क्रीनिंग के बाद मिला छात्रों को प्रवेश। माई सिटी



प्राथमिक विद्यालय मथुरापुर में कोरोना से बचाव के इंतजाम नहीं दिखे। छात्रों ने मास्क भी नहीं लगाया था। माई सिटी

### बच्चों के चेहरे पर दिखी साथियों से मिलने की खुशी

**ग्रेटर नोएडा।** स्कूल आए बच्चों के चेहरे पर साथियों से मिलने की खुशी झलक रही थी। स्कूलों में गुब्बारों और फूलों से उनका स्वागत हुआ। ग्रेटर नोएडा, दादरी, बिलासपुर, दनकौर, जेवर, रबूपुरा, जारचा समेत सभी कस्बों के स्कूलों में रौनक दिखाई दी। कई स्कूलों में बच्चों को मास्क और सैनिटाइजर वितरित किए गए। हालांकि, कोरोना के खतरे को देखते हुए बच्चों को अलग-अलग दिन आने और कक्षाएं चलाने के निर्देश हैं। कोरोना की वजह से 17 मार्च 2020 को स्कूल बंद कर दिए गए थे। निजी स्कूलों के अभिभावक बच्चों को भेजने के लिए राजी नहीं हैं। वहीं, अधिकतर सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाई के लिए पहुंचे। उच्च प्राथमिक स्कूल घंघौला की सहायक अध्यापिका शबनम अधाना ने बताया कि स्कूल आने पर बच्चों का शिक्षकों ने स्वागत किया। रोजा जलालपुर स्थित प्राथमिक स्कूल की सहायक अध्यापिका दीपशिखा शर्मा ने बताया कि कोरोना गाइडलाइन को ध्यान में रख कक्षा शुरू हैं। ब्यूरो

### आधी-अधूरी तैयारी दिखी

**दादरी/बिलासपुर (संवाद)।** बिलासपुर स्थित सरकारी स्कूलों में पहले दिन तैयारी आधी-अधूरी दिखाई दी। कहीं पुताई का काम चल रहा था तो कहीं बैठने की व्यवस्था नहीं थी। प्राथमिक विद्यालय पीपलका में बच्चों के हाथ सैनिटाइज कराकर स्वागत किया गया। जिला कोऑर्डिनेटर सुनील सिंह व नवीन कुमार, शिक्षा समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सुखपाल सिंह आदि ने स्वागत किया। दलेलगढ़ में शिक्षिकाएं पेड़ के नीचे बच्चों को पढ़ाती दिखाई दीं।

### शिक्षकों में रहा उत्साह

स्कूल खुलने से शिक्षकों में उत्साह है। शिक्षिका रेनू सबरवाल ने बताया कि लंबे समय बाद स्कूल आना अलग अनुभव है। एक शिक्षिका ने बताया कि बच्चे मास्क और सैनिटाइजर के साथ स्कूल आ रहे हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज होशियारपुर की प्रभारी प्राचार्या आशा कनौजिया ने बताया कि सीमित संख्या में हर कक्षा के विद्यार्थी आ रहे हैं।

# स्कूल खुले तो मुस्कुराते हुए पहुंचे छात्र

## जिले के करीब 80 फीसद निजी स्कूल करते रहे विद्यार्थियों का इंतजार

जागरण संवाददाता, नोएडाः 11 माह के लंबे इंतजार के बाद बुधवार को पहली बार छठी कक्षा से आठवीं तक के छात्रों को स्कूल बुलाया गया। कोरोना काल में छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गत वर्ष स्कूलों को बंद कर दिया गया था, जिसके बाद पहली बार जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालय खोले गए। पहले दिन स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम रही। जिले के 80 फीसद निजी स्कूल अभिभावकों की अनुमित न मिलने के कारण नहीं खुल सके। प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुसार अभिभावकों की अनुमति पत्र के बिना छात्रों को स्कूल नहीं बुलाया जा सकता। सरकारी स्कूल में पहले दिन 20 से 30 फीसद छात्रों की उपस्थिति रही।

**किसी ने ग्रुप बनाकर तो किसी ने एक कक्षा के छात्र बुलाएः** सरकार के दिशानिर्देश का पालन करते हुए बुधवार को स्कूलों ने अलग-अलग पैटर्न पर छात्रों को बुलाया। सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मृणालिनी ने बताया कि स्कूल के छठी कक्षा से आठवीं तक के 60 फीसद अभिभावकों से अनुमति पत्र मिले हैं। पहले दिन छठी कक्षा के छात्रों को स्कूल बुलाया गया था, जो छात्र स्कूल नहीं आ सके, उन्हें आनलाइन पढ़ाया गया। सेक्टर-11 स्थित माडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज अवस्थी ने बताया कि स्कूल में 25 फीसद अनुमति पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक कक्षा के छात्रों को तीन समूह में बांटकर स्कूल बुलाया गया, ताकि हर छात्र सप्ताह में दो दिन विद्यालय पहुंचे। सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय विद्यालय में 15 फीसद छात्रों के अनुमति पत्र पहुंचे। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य सुरभि भटनागर ने बताया कि पहली शिफ्ट में छठी कक्षा से आठवीं तक में 889 छात्र पढ़ते हैं जिसमें से पहले दिन कुल 10 फीसद विद्यार्थी ही स्कूल पहुंचे। सेक्टर 62 स्थित इंडस वैली स्कूल की प्रधानाचार्य शिखा शर्मा ने बताया कि विद्यालय में किसी भी छात्र का अनुमति पत्र नहीं मिला है, इसलिए विद्यालय नहीं खोला गया।



श्याम सिंह स्मारक कन्या इंटर कालेज की कक्षा सात में पढ़तीं छात्राएं ● जागरण

### सुरक्षा के इंतजामों के बीच पढ़े छात्र

कोरोना काल में छात्रों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए बुधवार को छात्रों को प्रवेश द्वार पर सैनिटाइज किया गया, तापमान जांचने के बाद ही प्रवेश दिया गया। कक्षा में एक सीट छोड़कर छात्रों को बिठाया गया। स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है, जहां दो बिस्तर और मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं।

घर में एक ही मोबाइल था जिसे पिता काम पर ले जाते थे। ऐसे में घर रहकर एक भी आनलाइन कक्षा में शामिल नहीं हो सकी, अब स्कूल आकर पढ़ना अच्छा लग रहा है।



–अंचल शर्मा, छात्रा, श्याम सिंह स्मारक बालिका इंटर कॉलेज

घर में रहकर पढ़ाई करते थे लेकिन उससे उतनी अच्छी पढ़ाई नहीं हो पाती थी, इंटरनेट की समस्या के कारण आनलाइन कक्षा से जुड़ पाना भी मुश्किल होता था, स्कूल आकर काफी खुश हूं।



–ट्विंकल, यदु पब्लिक स्कूल

# कर्मवीर ने ओजे क्लब को दिलाई जीत



नोएडा। यदु पब्लिक स्कूल में चल रहे डीएस गोल्डकप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को ओजे क्लब और ग्रीनपार्क क्रिकेट अकादमी की बीच मैच खेला गया। ग्रीनपार्क अकादमी ने पहले 213 का स्कोर खड़ा किया। कार्तिक ने 83 रन की पारी खेली। ओजे क्लब ने 6 विकेट पर 214 रन बनाकर मैच जीत लिया। 60 गेंद में 75 रन की पारी खेलने वाले कर्मवीर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ब्यूरो

मंगलवार • 10.11.2020
www.amarujala.com
2


# विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

नोएडा। यातायात माह के तहत सड़क पर नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। वहीं, स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर नियमों की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल, सर्फाबाद स्थित श्याम सिंह स्मारक कन्या इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-2 स्थित सेंट जोंस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। वहीं, अट्टा पीर चौराहे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ब्यूरो

Ms. Mrinalini
Principal
Yadu Public School
Sec-73, Noida School Code-60203
Affiliation No. 2130449

Authorised Signatory

# दीपांशु ने दिलाई वंडर क्लब को जीत




नोएडा। सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में खेले जा रहे डीएस गोल्ड कप में रविवार को कौशल्या क्रिकेट अकादमी और वंडर क्लब के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कौशल्या क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 114 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। वंडर क्लब ने 3 विकेट पर 116 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। 5 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट हासिल करने वाले वंडर क्लब के दीपांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ब्यूरो

# पटाखों से नहीं दीये जलाकर मनाएंगे रोशनी का त्योहार

एक युद्ध, पटाखों के विरुद्ध
अमर उजाला की पहल

**अभियान से स्कूल भी जुड़े**

**नोएडा।** जिले में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब है। सांस लेना तक मुश्किल हो गया है। प्रदूषण की वजह से आसमान में धुंध छाई रहती है, जिससे अस्पतालों में भी सांस की बीमारी के मरीज बढ़ गए हैं। दिवाली को भी कुछ दिन रह गए हैं। इस दौरान पटाखे जलाने की वजह से प्रदूषण का स्तर और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में अमर उजाला के अभियान 'एक युद्ध पटाखों के विरुद्ध' से स्कूल भी जुड़ गए हैं। स्कूल प्रबंधक परिसर में आने वाले छात्रों और ऑनलाइन क्लास के माध्यम से पटाखे नहीं जलाने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान सैकड़ों विद्यार्थियों ने पटाखे नहीं जलाने की शपथ भी ली है। ब्यूरो



## प्रदूषण कम करना सबकी जिम्मेदारी

हम सबकी जिम्मेदारी है कि प्रदूषण के स्तर को कम करने में योगदान दें। ऑनलाइन कक्षाओं में विद्यार्थियों को बताया जा रहा है कि वो दिवाली पर पटाखों का प्रयोग नहीं करें। कई बच्चों ने शपथ ली है कि वो पटाखों से नहीं दीयों से शहर में उजाला करेंगे। **- मृणालिनी सिंह**, प्रिंसिपल, यदु पब्लिक स्कूल



## ऐसा ही रहा तो फेफड़े हो जाएंगे खराब

प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ऐसा ही रहा तो हमारे फेफड़े खराब हो जाएंगे। स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को पटाखों के दुष्परिणाम के बारे में बताया जा रहा है। वहीं, ऑनलाइन क्लास में छात्र-छात्राएं पटाखे नहीं जलाने की शपथ ले रहे हैं। **- एसएस वरुण,** प्रिंसिपल राजकीय इंटर कॉलेज



## सोशल मीडिया पर कर रहे जागरूक

हमारी पाठशाला में करीब 250 बच्चे पढ़ते हैं। बच्चे प्रदूषण के दुष्परिणाम की पेंटिंग बनाकर एक दूसरे को सोशल मीडिया पर भेजकर जागरूक कर रहे हैं। साथ ही हम लोगों ने बच्चों से अपील की है कि वो पटाखों की जगह पौधे लगाकर हरियाली का संदेश दें। **- राजेश कुमार** संस्थापक, पहल एक पाठशाला

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 16 जुलाई, 2020
www.jagran.com

# अकाउंटेंट की बेटी ने हासिल किए 89.76 फीसदी अंक



89.76 फीसद
कृतिका ● सौ. स्वजन

जासं, नोएडा : नोएडा के यदु पब्लिक स्कूल की छात्रा कृतिका शर्मा अपने परिवार के साथ सर्फाबाद गांव में रहती हैं। पिता विनोद शर्मा एक कंपनी में अकाउंटेंट है और बहुत कम वेतन में भी एक बेटी और दो बेटों को पढ़ा रहे हैं। बेटी का रिजल्ट देख घर में काफी खुशी का माहौल है। कृतिका ने चार विषय हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान और कंप्यूटर में 90 से अधिक अंक पाए हैं। इतना ही नहीं पढ़ाई के लिए फिलहाल उन्होंने शूटिंग छोड़ दी थी, गौरतलब है कि वह 2019 में राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं।

# ऑनलाइन शिक्षा की अड़चन दूर करना जरूरी

नोएडा। अभिभावक बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हैं। वहीं, शिक्षाविद भी मान रहे हैं कि देश में ऑनलाइन शिक्षा के मार्ग में कई अड़चन हैं। सबसे बड़ा मुद्दा स्मार्ट फोन और इंटरनेट की उपलब्धता का है। अमर उजाला ने मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभिभावकों से वेबिनार के लिए जरिए ऑनलाइन शिक्षा और कोरोना संकट पर बात की। ज्यादातर वक्ताओं का मानना था कि बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए ऑनलाइन माध्यम जरूरी है, लेकिन इसके आड़े आने वाली दिक्कतों को दूर करना होगा।

## अमर उजाला वेबिनार में बोली महिलाएं, कमजोर तबकों की दिक्कतों का भी रखें ख्याल

### घर और स्कूल में अंतर



घर और स्कूल में कई फर्क हैं। घर पर ऑनलाइन शिक्षा आसान नहीं है। कनेक्टिविटी मुश्किल है। जिनके पास इंटरनेट नहीं है, उन बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। वंचित तबके के लिए इसमें ज्यादा दिक्कतें हैं।

**– सुनीता खटाना,** समाजसेविका व फाउंडेशन स्कूल की निदेशक

### बढ़ रहा तकनीकी ज्ञान



ऑनलाइन शिक्षा बच्चों के तकनीकी ज्ञान को बेहतर कर रही है। हालांकि, हमें आंखों पर दुष्प्रभाव के बारे में भी सोचना होगा। ऑनलाइन क्लास में छात्रों के हावभाव सामने नहीं आते। उनकी दिक्कतें और सोच पता नहीं चलती। फिर भी मौजूदा समय में यह बेहतर है।

**– डॉ. नीतू मल्होत्रा,** एचओडी सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट

### छोटे बच्चों की नहीं हो ऑनलाइन क्लास



छोटे बच्चों की ऑनलाइन क्लास बंद होनी चाहिए। यह स्कूलों की तरफ से फीस पाने का जरिया लग रहा है। कई लोगों ने नौकरी गंवा दी। लोगों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में ऑनलाइन क्लास आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। **– रुचि गुप्ता,** प्रतीक विस्टीरिया, सेक्टर-77

### सबको मिले शिक्षा



आर्थिक रूप से कमजोर कई बच्चे बहुत सी बाधाओं को पार कर जितना आगे बढ़े थे, उतना फिर पीछे चले गए। निशुल्क शिक्षा देने वाले समाजसेवियों की संख्या घट गई है। ऑनलाइन शिक्षा सब तक पहुंचे, इसके प्रयास होने चाहिए। **– सूर्यकला** शिक्षिका व समाजसेवी

### बदले हैं हालात



हालात बदल गए हैं। नए माहौल की नई दिक्कतें हैं। ऑनलाइन शिक्षा की अपनी समस्याएं हैं। इसलिए सबको जोड़कर चलना जरूरी है। लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है तो नए स्किल्स सिखाने होंगे। आपसी तालमेल बनाकर काम करना होगा। **– वर्षा छबारिया,** स्टेशन हेड रेडियो सलाम नमस्ते

### आपसी सहयोग को दें महत्व



आज के समय में जिनके दो बच्चे हैं और घर में एक लैपटॉप है। वे अपना काम कैसे करेंगे। हालात मुश्किल हैं। शिक्षक और छात्र सभी के सामने समस्याएं हैं। हमें आपसी सहयोग को महत्व देना होगा। दूसरे को समझना होगा। **– रेखा शर्मा,** अध्यक्ष, संकल्प इंडिया ट्रस्ट

### रास्ता निकालना पड़ेगा



बच्चों की ही नहीं, शिक्षकों की भी अपनी समस्याएं हैं। हालांकि, एक सकारात्मक पहलू है कि इस चुनौती के समय ऑनलाइन शिक्षा बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बना रही है। संकट में संतुलित रहकर रास्ता निकालना होगा।

**– मृणालिनी सिंह,** प्रिंसिपल, यदु पब्लिक स्कूल

### सबके लिए सोचना होगा



बच्चों की अपनी परिस्थितियां हैं। मेरी फाइन आर्ट क्लास में कुछ बच्चे खाली समय में ऑनलाइन नई स्किल्स सीखने के लिए जुड़े हैं। वहीं, कई पुराने बच्चे क्लास नहीं कर पा रहे हैं। गरीब बच्चों के पास इंटरनेट सुविधा नहीं है। वह ऑनलाइन शिक्षा में पिछड़ रहे हैं। उनके लिए भी कुछ होना चाहिए। **– राजेश्वरी त्यागराजन,** क्लासिकल डांस टीचर

### कोशिश जारी रहे



हमारा एनजीओ जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाता है। कुछ बच्चे गांव चले गए, कुछ के पास फोन नहीं है, कई दिक्कतें सामने आती हैं। हमारी कोशिशें जारी हैं। एक बच्चे को कॉल करते हैं, वो सुनता है और साथ के दस और बच्चों को सिखाता है।

**– नीशू,** हमारा कर्तव्य एनजीओ

### कई की पढ़ाई छूटेगी



कई बच्चों की पढ़ाई छूट गई है। आगामी दिनों में ड्राप आउट की समस्या बढ़ जाएगी। इसलिए जितना हो सके, हमें एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। ऑनलाइन शिक्षा को जरूरतमंदों तक पहुंचाना होगा।

**– डॉ. बानी बोरा,** डॉयरेक्टर सेंटर फॉर सोशल चेंज

### प्रमुख सुझाव

- जिनके पास सुविधाएं हैं, उन्हें दूसरों की मदद को आगे आना चाहिए।
- सीनियर क्लास का बच्चा जूनियर की मदद करे। शिक्षित लोग जरूरतमंदों की मदद करें।
- आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए भी विकल्प तलाशे जाएं।
- छोटे शहरों, ट्रांसजेंडर, सेक्स वर्कर के बच्चों की शिक्षा के लिए नए उपाय खोजे जाएं।
- शिक्षक और छात्र दोनों की परिस्थितियों और समस्याओं को समझा जाए।
- आंखों या शरीर पर हानिकारक प्रभाव को ध्यान में रखकर कक्षा के अनुसार ऑनलाइन पढ़ाई का समय तय किया जाए।
- हालात को ध्यान में रखकर निर्णय लें, कोशिश हो कि लोगों को नौकरी से नहीं निकालें।

# स्कूलों की बदली सूरत तो खिल उठे बच्चों के चेहरे

जागरण संवाददाता, नोएडा : कोरोना संक्रमणकाल में लंबे अरसे बाद स्कूल खुलने पर जब विद्यार्थी स्कूल पहुंचे, तो बच्चों को स्कूल का नजारा काफी अलग दिखा। जगह -जगह पर बने गोल और सैनिटाइजिंग मशीन कोरोना में बदले दौर को बयां कर रही थी। हालांकि सात महीने बाद स्कूल जाने पर बच्चों को चेहरे खिल उठे थे। विद्यार्थी मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलकर काफी खुश नजर आ रहे थे। जिले के सरकारी स्कूलों में कुछ विद्यालयों में छात्रों की अच्छी संख्या दिखाई दी तो वहीं सोमवार को नोएडा के ज्यादातर निजी स्कूल बंद रहे।

**कक्षा में पढ़कर दूर कर रहे आनलाइन कक्षा की परेशानी :** सर्फाबाद स्थित श्याम सिंह स्मारक बालिका इंटर कालेज में सोमवार को करीब 40 फीसदी छात्राएं कक्षा में शामिल हुई। इस दौरान ज्यादातर बच्चे वहीं शामिल हुए जिनके पास मोबाइल व इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। कक्षा 9वीं की छात्रा मुस्कान ने बताया कि वह आनलाइन कक्षा में तभी शामिल हो पाती थी, जब उनके पिता रात को काम से वापस आते थे। वहीं ज्यादातर समय इंटरनेट की समस्या होने के कारण नहीं पढ़ पाती थी, इसलिए वह विद्यालय आकर पढ़ाई करने पर वह संतुष्ट हैं।

**आफलाइन के साथ चली आनलाइन कक्षाएं :** सेक्टर 73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 से 12वीं तक के कुल 40 बच्चे उपस्थित रहे। इस दौरान कक्षा में उपस्थित बच्चों को पढ़ाने के साथ शिक्षकों ने कक्षा में लगी स्क्रीन की मदद से घर में बैठे बच्चों की भी कक्षा ली। इससे एक साथ दोनों स्थान पर मौजूद बच्चों को पढ़ाया जा सके और आनलाइन कक्षा में अबतक उन्हें जिन विषयों में समस्या आ रही थी उसे दूर किया जा सके। बच्चों की दिक्कतों को लेकर शिक्षक सजग दिखे।

## शिक्षक बोले



विभिन्न कक्षा के बच्चों को अलग समय पर बुलाने के साथ ही उन्हें अगले दिन अलग कक्षा में बिठाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। कक्षाओं को लगातार सैनिटाइज किया जा रहा है। - **गीता शर्मा, प्रधानाचार्य**, एसएस स्मारक बालिका इंटर कालेज



प्रथम दिन बच्चे अभिभावकों के साथ ही आए थे। पहले दिन की उपस्थिति के आधार पर बच्चों की सूची तैयार कर स्कूल प्रबंधन बस सेवा शुरू करने पर भी विचार कर रहा है। आफलाइन के साथ आनलाइन कक्षा भी जारी रहेगी। - **मृणालिनी**, प्रधानाचार्य, यदु पब्लिक स्कूल

## छात्र बोले



लंबे समय बाद स्कूल आकर खुश हूं। आनलाइन कक्षा में जो 45 मिनट की कक्षा चलती थी, वह अब 30 मिनट की हो गई है। अब हमें पूरे दिन आनलाइन मोबाइल स्क्रीन के सामने बैठकर नहीं पढ़ना पड़ेगा। - **कृतिका शर्मा**



स्कूल भेजने के लिए पहले माता-पिता मंजूरी देने में झिझक रहे थे, लेकिन फिर सुरक्षा इंतजाम देखकर वह अनुमतिपत्र देने के लिए राजी हुए। जब सावधानी से नियमों का पालन किया जाए, तो डरने की जरूरत नहीं है। - **शुभम मिश्रा**



स्कूल आकर पढ़ने से यह फायदा है कि यहां इंटरनेट आदि की समस्या नहीं आती। किसी भी तरह का सवाल हो, तो हम शिक्षक से सीधे पूछ सकते हैं। वह उसे हल करके हमें कई बार समझाते भी है, जो कि आनलाइन में संभव नहीं था। - **शिवानी यादव**



स्कूल में थर्मल स्क्रीनिंग के साथ ही सैनिटाइज किया गया। फिर कक्षा में बिठाया गया। पहले दिन शिक्षकों ने पढ़ाई कराने के साथ ही स्कूल में अब अपनाए जाने वाले नए नियमों की जानकारी दी। मैं आज खुश हूं। - **मनीषा**

my city
city sports

अमर उजाला | 4
शनिवार • 08.02.2020
www.amarujala.com

# कराटे में निखिल व आदित्य ने जीता स्वर्ण पदक



नोएडा। बिसरख स्थित आरएल इंटरनेशनल स्कूल में 2 फरवरी को प्रथम एसएसकेएफआई इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में यदु पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। निखिल सिंह एवं आदित्य शर्मा ने स्वर्ण पदक, अभिषेक शर्मा ने रजत पदक और तरुण यादव, वंश लोदी, कार्तिक चौधरी, यथार्थ सिंह एवं अविरल त्यागी ने कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्या मृणालिनी सिंह एवं कराटे कोच कीर्तन ने विजेता खिलाड़ियों के लिए स्वर्णिम भविष्य की कामना की। ब्यूरो

दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 27 जनवरी 2020



सेक्टर 51 स्थित एलपीएस स्कूल में दैनिक जागरण द्वारा आयोजित राष्ट्रगान देश का मान अभियान में प्रस्तुति देती यदु पब्लिक स्कूल की छात्राएं • जागरण

सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अंजलि ने हम देश नहीं मिटने देंगे देशभक्ति गीत सुनाया। छात्र कुशाग्र व छात्रा मनस्वी ने नृत्य की

IV
दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 25 जनवरी 2020
www.jagran.com

यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे नारे बोलकर उपस्थित जनों को राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों को बताया गया कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 में ओडीशा में हुआ था। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की। प्रधानाचार्य मृणालिनी सिंह ने बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें नेताजी के पद चिन्हों पर चलते हुए देशसेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

अमर उजाला शुक्रवार • 24.01.2020
www.amarujala.com

सेक्टर 51 स्थित एलपीएस ग्लोबल स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी • सौ. से स्कूल



सेक्टर 73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी • सौ. से स्कूल

## अनेकता में एकता का देंगे संदेश



सेक्टर 73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए और देश की आन बान और शान बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान छात्रों ने देशभक्ति के गीतों पर शहीदों को नमन करते हुए लोकनृत्य किए और नाट्य मचन कर भावुक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मृणालिनी ने बच्चों से कहा कि हम गणतंत्र दिवस पर यह प्रेरणा लेते हैं कि आपसी भेदभाव को मिटाकर राष्ट्र निर्माण के लिए प्रत्येक कार्य में योगदान दें। उन्होंने बताया कि स्कूल के बच्चे गणतंत्र दिवस के दिन दैनिक जागरण के राष्ट्रगान देश का मान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

अमर उजाला
शुक्रवार • 20.12.2019
www.amarujala.com





# जीत की खुशी

नोएडा सेक्टर-73 में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इसमें कई स्कूलों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला रामाज्ञा पब्लिक स्कूल और यदु पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। इसमें यदु पब्लिक स्कूल ने जीत हासिल की। विजेता टीम के खिलाड़ियों ने खुशी मनाई। मुख्य अतिथि फूल चंद्र शर्मा ने बच्चों को खेल से जुड़ी जानकारी दी। स्कूल की प्राचार्य मृणालिनी सिंह भी मौजूद रहीं।

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 20 दिसंबर 2019



# यदु पब्लिक स्कूल ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

- विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करके खेल की जानकारी दी




ट्राफी के साथ सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी • सौ. से स्कूल

जागरण संवाददाता, नोएडाः सर्फाबाद गांव सेक्टर-73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का बृहस्पतिवार को समापन हुआ। जिसमें मेजबान यदु पब्लिक स्कूल की टीम विजेता रही।

इस दौरान मुख्य अतिथि फूल चंद शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया साथ ही बच्चों को खेल से जुड़ी बाते बताई। लीग में फाइनल मुकाबला रामाज्ञा पब्लिक स्कूल और यदु पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया था। बृहस्पतिवार को हुए समापन समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्य मृणालिनी सिंह मौजूद रहीं।

नोएडा-ग्रेनो

अमर उजाला नई दिल्ली | शनिवार, 23 फरवरी 2019



अमर उजाला

शनिवार • 06.07.2019 05

www.amarujala.com



# छुट्टी के बाद मिलन

अमर उजाला

गर्मी की छुट्टी के बाद यदु पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाएं एक साथ मिलीं तो सभी ने सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया।

# संस्कारशाला के विषयों को तय करने के लिए मंथन

## देशभर से आए प्रधानाचार्यों ने स्कूली छात्र-छात्राओं में अच्छाई की समझ विकसित करने पर की चर्चा

दैनिक जागरण संस्कारशाला अच्छाई की समझ

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली** : दैनिक जागरण की वार्षिक मुहिम 'जागरण संस्कारशाला' के विषयों को तय करने के लिए देशभर के स्कूलों के प्रिंसिपल जुटे। चर्चा की शुरुआत में 'जागरण संस्कारशाला' के उद्देश्यों के बारे में प्रधानाचार्यों को बताया गया। उसके बाद सभी प्रधानाचार्यों ने छात्रों की समस्याओं पर चर्चा की और उसको सुलझाने के लिए हल भी सुझाए। इस बात पर लगभग सभी प्रिंसिपल एकमत थे कि स्कूली बच्चों में अच्छे मूल्यों को विकसित करने के लिए शिक्षकों के साथ माता-पिता और परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दैनिक जागरण की इस पहल को भी सभी ने सराहा और कहा कि इस वक्त स्कूली छात्रों के बीच नैतिक शिक्षा की बेहद जरूरत है।



दक्षिणी दिल्ली : साकेत स्थित होटल में दैनिक जागरण संस्कारशाला की बैठक में उपस्थित देश के विभिन्न शहरों से आए प्रधानाचार्य ● जागरण

पिछले साल 'संस्कारशाला' में देशभर के एक हजार से अधिक स्कूलों की भागीदारी रही थी। हर साल पांच सितंबर यानि शिक्षक दिवस के मौके पर यह अभियान शुरू किया जाता है और 14 नवंबर को बाल दिवस पर समाप्त होता है। पिछले साल संस्कारशाला अभियान के तहत 1000 स्कूलों में 14000 कॉमिक बुक्स वितरित किए गए थे। देशभर के करीब 1000 स्कूलों के तीन लाख से अधिक छात्रों को स्कूल असेंबली में विशेषज्ञों ने कहानियां सुनाकर जागरूक किया था। छात्रों को बीच अच्छाई की समझ विकसित करने के लिए 9 कार्टून फिल्मों का निर्माण किया गया और उसे स्कूल के छात्रों को दिखाया गया था। इसके अलावा 30 शहरों के स्कूलों में वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया था।



जीवन मूल्यों को समझकर ही कोई भी शख्स बेहतर इंसान बन सकता है। इसीलिए शुरु से बच्चों को किताबों की शिक्षा के साथ संस्कारों की भी सीख देनी चाहिए। इसमें शिक्षक व अभिभावक ही प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं।

**एम सिंह, प्रिंसिपल,** वाइपीएस नोएडा।



बच्चे आस-पास जैसा देखते हैं, वैसा ही सीखते हैं। इसलिए बच्चों को हमेशा सकारात्मक माहौल देने की कोशिश करें, ताकि वे सकारात्मक विचारों के साथ बड़े हों और बेहतर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

**सविता चड्ढा, प्रिंसिपल,** डीपीएस मेरठ



कल को बेहतर बनाने के लिए हमें आज से ही प्रयास करने होंगे। इसीलिए पानी व पर्यावरण बचाने के लिए संस्कार बच्चों में विकसित करने होंगे। इसमें शिक्षक अहम भूमिका अदा कर सकते हैं।

**बलजीत कौर, वाइस प्रिंसिपल,** अबाती गुरुनानक सोहिया, अमृतसर।

अमर उजाला | नोएडा-ग्रेनो

# ताइक्वांडों में वैष्णवी ने गोल्ड, यश ने जीता कांस्य

**मथुरा में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से हुई थी 50वीं केवीएस नेशनल स्पोर्ट्स मीट**

**हैदराबाद में 11 से 16 जून तक चली अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता**

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। नोएडा के गढ़ी चौखंडी निवासी वैष्णवी ने मथुरा में केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से आयोजित 50वीं केवीएस नेशनल स्पोर्ट्स मीट 2019 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। 14 से 18 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

सेक्टर-24 केंद्रीय विद्यालय की 10वीं कक्षा की छात्रा वैष्णवी ने मथुरा की जीएलए यूनिवर्सिटी में हुई स्पोर्ट्स मीट में 49 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया। आगरा में 3 से 13 जून तक हुए ताइक्वांडो कैंप में प्रतिभाग करने के बाद वह मथुरा में हुई प्रतियोगिता के लिए चुनी गई थी। इसमें उन्होंने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। पूर्व में भी वैष्णवी कई पदक झटक चुकी है। इसी साल उन्होंने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता, जबकि नोएडा स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 2 गोल्ड अपने नाम किए। केवीएस रीजनल स्पोर्ट्स मीट मुंबई में सिल्वर मेडल जीता। 2016-17 में भी गोल्ड मेडल कब्जाया था। कोच आलोक की निगरानी में गेम की बारीकियां सीखती है। नोएडा पहुंचने पर छात्रा वैष्णवी का स्वागत किया गया।

उधर, हैदराबाद में 11 से 16 जून तक चली अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में नोएडा के यश अवाना ने नाम रोशन किया है। वह यद पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र हैं। कुलपति मनोज दीक्षित ने इन्हें आगे की पढ़ाई निःशुल्क कराने की बात कही है। वह अपनी आगे की पढ़ाई अयोध्या स्थित राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में करेंगे। परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधक ने भी यश को सम्मानित किया।

अमर उजाला
नोएडा-ग्रेनो सिटी
शनिवार • 27.07.2019
www.amarujala.com



## छात्रों ने लिया जल संरक्षण का प्रण




नोएडा। यदु पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम छात्रों और उनके अभिभावकों ने जल संरक्षण का प्रण लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जल के महत्व के बारे में बताना था। छात्रों को बताया गया कि बूंद-बूंद करके ही सागर बनाता है। अगर वो जल संरक्षण शुरू करेंगे तो आने वाली पीढ़ी के लिए लाभदायक होगा। स्कूल की प्रिंसिपल मृणालिनी सिंह ने सभी बच्चों के जल का महत्व बताया। साथ ही पानी की बर्बादी नहीं करने को जागरूक किया। ब्यूरो

# कोरोना से डरें नहीं, लड़ें

घर में रहें, सुरक्षित रहें // सुरक्षित दूरी बनाए रखें // घर में रहें, सुरक्षित रहें // सुरक्षित दूरी बनाए रखें // घर में रहें, सुरक्षित रहें // सुरक्षित दूरी बनाए रखें

## महिला आयोग की अध्यक्ष ने की बैठक



## सेक्टर डेल्टा टू जी ओपन जिम की सौगात



## स्वच्छता के लिए महाअभियान की तैयारी

## जागरूकता करेंगी एनसीसी कैडेट्स

## छात्रों को बताया सफेद वोट का महत्व

# चाइल्ड पीजीआई में पहली बार बोन मैरो ट्रांसप्लांट से 4 को नई जिंदगी

कैंसर दिवस आज

## चिटहेरा गांव जहां 4 साल में कैंसर से हुईं 30 मौतें, 15 का चल रहा इलाज

## जिले की 2351 में से 1 महिला को ब्रेस्ट कैंसर



## हिंदी ओलिंपियाड में इशिका को मिला स्वर्ण

## जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

## कुत्तों के आतंक से सेक्टरवासी परेशान

## सेंट्रल पार्क में मधुर संगीत भी



## मलबा कल था समस्या, अब कमाई का जरिया



## आइटा नैशनल टेनिस चैंपियनशिप में नोएडा के 4 खिलाड़ी सेमीफाइनल में



## पंचायत चनाव की आहट से छात्र नेता सक्रिय राजनीति में कूदे

## 15 साल बाद पानी की निकासी शुरू

शनिवार • 25.01.2020
अमर उजाला

# दिल दिया है जां भी देंगे ए वतन तेरे लिए...

## स्कूलों में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर छात्रों ने जीता दिल, आज भी होंगे कार्यक्रम

यूं तो गणतंत्र दिवस हर भारतीय के लिए गर्व का दिन होता है। 26 जनवरी 1950 को ही भारत का संविधान लागू हुआ था। हर भारतीय तभी से इस गौरवमयी दिन को मनाता है। देशभर में एक सप्ताह पहले से ही जश्न की तैयारी शुरू हो जाती है। स्कूलों और कॉलेजों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलता है। सामाजिक संगठन भी इन दिनों कार्यक्रम आयोजित करते हैं। वहीं, बाजारों में तिरंगे की मांग बढ़ गई है। हर चौराहे पर तिरंगा छाया है। तिरंगा टैटू, टी-शर्ट का युवाओं और खास तौ[illegible] बच्चों में खासा क्रेज देखन को मिल रहा है। स्कूलों में छात्राएं तिरंगे जैसी ड्रेस में जा रही हैं। बच्चे चेहरे पर टैटू बनवा रहे हैं। मोबाइल के रिंग टोन में देशभक्ति गीत बज रहे हैं। तिरंगा हैट, कैप, बैलून, टेबल फ्लैग, स्टीकर, पेपर बैच, गाड़ी वाले झंडे की जमकर खरीदारी हो रही है। पेश है लाल सिंह की रिपोर्ट...



नोएडा सेक्टर-71 चौराहे के पास तिरंगा बेचता युवक।

### गणतंत्र का जश्न मनाया

*गणतंत्र दिवस पर शुक्रवार को स्कूलों में भी जश्न मनाया गया। छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। सेक्टर-48 स्थित ग्रीन वैली अकादमी में झंडारोहण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य और देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान पर जोर दिया। स्कूल परिसर को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में सजाया गया था। चेयरपर्सन कुसुमलता शर्मा ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। साथ ही संविधान के वास्तुकार डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में भी बताया।*





बाल भारती पब्लिक स्कूल में छात्रों ने देशभक्ति गीतों से दर्शकों में जोश भर दिया

### बेटी बचाओ पर भी प्रस्तुतियां

बाल भारती पब्लिक स्कूल में भी गणतंत्र दिवस और राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा हुई। बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य के महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम मौजूद रहीं। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने देशभक्ति गीतों से दर्शकों में जोश भर दिया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को सार्थक कर प्रस्तुतियां दी गईं। विमला बाथम ने छात्र-छात्राओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही सुभाष चंद्र बोस के जीवन के कुछ अंशों पर भी प्रकाश डाला गया। नागरिक संशोधन अधिनियम पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर भावी पीढ़ी को जागरूक किया गया। प्रिंसिपल आशा प्रभाकर भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

### सेक्टर और सोसायटी में होंगे कार्यक्रम

सेक्टर-46 के अध्यक्ष टीसी गौड़ ने बताया कि 26 जनवरी को सामुदायिक भवन में कई प्रकार के कार्यक्रम होंगे। सांस्कृतिक आयोजनों, दौड़ प्रतियोगिता, लेमन रेस सुबह दस बजे से शुरू होंगे। इसके अलावा नोएडा के ज्यादातर आरडब्ल्यूए कार्यालय में झंडारोहण होंगे। अंतरिक्ष गोल्फ व्यू और सेक्टर-74 सुपरटेक केपटाउन समेत कई सोसायटी में भी कार्यक्रम होंगे। केपटाउन में कवि सम्मेलन भी होगा। वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। सेक्टर-34 अरावली अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से पेंटिंग प्रतियोगिता होगी।



### देश की रक्षा का लिया संकल्प

यदु पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ देश की आन, बान और शान की रक्षा का संकल्प लिया। छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। लोकगीतों की भी प्रस्तुति दी। बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में पहुंचे। प्रिंसिपल मृणालिनी सिंह ने कहा कि सभी भेदभाव मिटाकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान दें।

यदु पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य पेश करती छात्रा।